BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक-27.02.2025**

◆लूट व छिनैती की घटना कारित करने वाले गिरोह के कुल-05 शातिर लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे

◆ थाना भदोही व जनपदीय स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता

◆अभियुक्तों के कब्जे से उपरोक्त घटना सहित विभिन्न लूट/छिनैती की घटनाओं से सम्बन्धित कुल-04 अदद एंड्राइड मोबाइल फोन, लूट की घटना से सम्बन्धित ₹2,500/- नगद, एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 12 बोर तथा लूट/छिनैती की घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक अन्य थाना सुरियावां अंतर्गत बारात से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित कुल-02 अदद मोटरसाइकिल बरामद

◆थाना भदोही अंतर्गत ग्राम नगुआ ईंट भट्टे के पास मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से मोबाइल फोन व ₹2,500/- नगदी छिनैती की घटना में थे शामिल

◆बरामदशुदा एक मोटरसाइकिल दिनांक 12.02.2025 की रात्रि में थाना सुरियावां अंतर्गत ग्राम बीरमपुर में आई बारात से किए थे चोरी

◆बरामदशुदा अवैध तमंचा का राहगीरों को धमकाने में करते थे प्रयोग

◆आर्थिक लाभ के उद्देश्य से राहगीरों को निशाना बनाकर लूट की घटनाओं को देते थे अंजाम

◆गिरफ्तारशुदा लुटेरों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता के संबंध में की जा रही जांच

घटनाक्रम-

दिनांक-26.02.2025 को श्री चंद्रजीत यादव पुत्र स्व0 सत्यनारायण यादव निवासी नगुआ थाना व जनपद भदोही द्वारा थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि दिनांक 10.02.2025 की रात्रि में ग्राम नगुआ ईट भट्टे के पास मोटरसाइकिल सवार मुंह पर गमछा बांधे तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारपीट कर मोबाइल फोन व ₹2,500/- नगदी छीन लिया गया। सूचना पर तत्समय ही आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-99/2025 धारा-115(2),352,351(3),309(6) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 27.02.2025 को प्रातः डॉ0 तेजवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भदोही के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए उपरोक्त लूट की घटना को कारित करने वाले गिरोह के कुल-05 अभियुक्तों को नेवादा पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से उपरोक्त घटना सहित विभिन्न लूट/छिनैती की घटनाओं से सम्बन्धित कुल-04 अदद एंड्राइड मोबाइल फोन, उपरोक्त लूट की घटना से सम्बन्धित ₹2,500/- नगदी, एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 12 बोर तथा लूट/छिनैती की घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक अन्य थाना सुरियावां अंतर्गत बारात से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित कुल-02

अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। बरामदशुदा मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे को अभियुक्तों द्वारा दिनांक 12.02.2025 की रात्रि में थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बीरमपुर में आई बारात से चोरी किया गया था।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना ज्ञानपुर, थाना सुरियावां व थाना भदोही पर पंजीकृत 03 अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरोह के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच व आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा लूटेरों का नाम व पता-

1.ऋषि सरोज उम्र 19 वर्ष पुत्र रामचंद्र सरोज निवासी लालीपुर थाना व जनपद भदोही

2.अमित उर्फ गोलू उम्र 20 वर्ष पुत्र सियाराम गौतम निवासी लालीपुर थाना व जनपद भदोही

3.शनि गौतम पुत्र उम्र 19 वर्ष लल्लू गौतम निवासी लालीपुर थाना व जनपद भदोही

4.सुरेंद्र गौतम उम्र 22 वर्ष पुत्र भागेलु गौतम निवासी मानपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही

5.दीपक उपाध्याय उम्र 20 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश उपाध्याय निवासी पोखरा विजयगीर थाना रामपुर जनपद जौनपुर

यह हुई बरामदगी-

उपरोक्त घटना से सम्बंधित शत प्रतिशत माल सहित विभिन्न लूट/छिनैती की घटनाओं से सम्बन्धित कुल-04 अदद एंड्राइड मोबाइल फोन, उपरोक्त लूट की घटना से सम्बन्धित ₹2,500/- नगदी, एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय 01 जिंदा कारतूस 12 बोर तथा लूट/छिनैती की घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व एक अन्य थाना सुरियावां अंतर्गत बारात से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित कुल-02 अदद मोटरसाइकिल

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-

प्रभारी निरीक्षक भदोही, अश्वनी त्रिपाठी, उ0नि0 संतोष कुमार सिंह, उ0नि0 मो0 ऐश खां, उ0नि0 दिलशाद खां, उ0नि0 श्याम जी यादव, कां0 योगेश कुमार, कां0 विष्णु सिंह, कां0 निर्मल कुमार व कां0 दीपक कुमार थाना व जनपद भदोही तथा जनपदीय स्वाट टीम